**SRI BHAGAWAN MAHAVEER JAIN COLLEGE**

Vishweshwarapuram, Bangalore 560004

**Mock Examination Question Paper - January 2019**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Course:** | I PUC | | **Subject:** | Hindi |
| **Max. Marks:** | 100 | | **Duration:** | 3:15 hrs. |

**I अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए:** **6 x 1 = 6**

१ श्रीकंठ सिंह का किसके साथ ब्याह हो गया?

२ परिवारवाले अंबेडकर को क्या कहकर पुकारते थे?

३ आठ वर्ष की प्यारी बच्ची का नाम क्या है?

४ कितने उम्मीदवार आए थे?

५ राष्ट्र का तीसरा अंग कौन सा है?

६ किसान किसकी बीमारी के इलाज के लिए वैद्य परमानंद के पास पहुँचता है?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **3 x 3 = 9**

७ आनंदी का चरित्र चित्रण कीजिए?

८ पारसी सराय में अंबेडकर का क्या अपमान हुआ?

९ दिल का दौरा और एनजाइना रोग के प्रमुख लक्षण क्या है?

१० बद्रीनाथ यात्रा में लेखक के दल का वर्णन कीजिए।

११ प्रोफेसर पांडुरंग बीमार स्त्री का इलाज किस ढंग से करते है?

**II अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहा?** **4 x 1 = 4**

१२ 'अभागी मरती भी नहीं।'

१३ 'मंजिल पर पँहुचजाने पर रोमांच हो ही आता है।'

१४ 'हमारे लिए हर जगह दरवाजा बंद है'

१५ 'ठीक तो हो जाएगा, होश में नहीं आएगा।'

**आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :** **2 x 3 = 6**

१६ 'उठो, जागो और तब तक रुको नहीं, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।'

१७ 'अद्‌भुत है मेरा मित्र उनके पास दोषों का केट्‌लाग है।'

१८ 'आज हम थर्ड डिवीजनर कान्फ्रेन्स में करो या मरो का नारा लगाएँगे और जीवन का संकल्प लेंगे।

१९ 'जन का प्रवाह अनंत होता है।'

**III अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :** **6 x 1 = 6**

२० तुलसी के अनुसार कौन से दो बीज हैं?

२१ कवयित्री का जीवन क्या लुटा रहा है?

२२ तुम गा दो मेरा गान अमर हो जाए कविता के कवि कौन है?

२३ प्रतिभा कहाँ बसती है?

२४ कवि किससे बिछुड कर रह गया है?

२५ नारी ने इस धरती को धन्य कैसे किया?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2 x 3 = 6**

२६ महात्मा बसवेश्वर का परिचय दीजिए।

२७ बच्चनजी पाठ्कों को क्या–क्या भेंट देते हैं?

२८ कवि प्रतिभा का मूल कहाँ–कहाँ ढुँढते हैं?

२९ नारी के शक्ति रुपों का वर्णन कीजिए।

**इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : 2 x 4 = 8**

३० भज मन चरण कंवल अविनासी ॥
जेताइ दीसां धरनि गगन मां ते ताईं उठि जासी ।
तीरथ बरतां ग्यांन कथन्तां कहा लयां करवत कासी ।
या देही रो गरब ना करना माटी मा मिल जासी ।
यो संसार चहर री बाजी साँझ पड्या उठ जासी ।

**अथवा**

मानुष हों, तो वही रसखानि बसौ ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन।
जो पसुहौं,तो कहा बसु मेरो, चरौ नित नंद की धेनु मँझारन॥
पाहन हौं, तो वही गिरि कौ, जो धरयौ कर छत्र पुरन्दर धारन।
जो खग हौं, बसेरो करौं मिलि कालिन्दी–कूल–कदम्ब की डारन॥

३१ अरि–दल की पहिचान कराने,
नहीं घृणा आने पाई।
नहीं अशान्ति हृदय तक अपनी,
भीषणता लाने पाई॥

**अथवा**

मंजिल सदा उसी को मिलती
धीर–वीर जो बढता जाता।
काँटों को भी फूल समझता,
विपदाओं से हाथ मिलाता ।
कायर तो घबराते वे ही,
वीर न करते कभी बहाना ।

**IV अ)एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : S6 x 1 = 6**

३२ गोमती के किनारे शराबी को किसने पुकारा?

३३ युवक की पहली पत्नी का नाम लिखिए।

३४ संतू की पीठ पर क्या पडी?

३५ चंद्रप्रकाश का फ्लैट कहाँ था?

३६ मामी की बेटी का नाम क्या है?

३७ मोहन किसकी तैयारी कर रहा था?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3 x 3 = 9**

३८ शराबी ठाकुर सरदारसिंह को कौन–कौन सी कहानियाँ सुनाता था?

३९ दूसरी पत्नी की मृत्यु के बाद युवक किस प्रकार विलाप करता है?

४० चाचा मंगलसेन का चरित्र चित्रण कीजिए ।

४१ चंद्रप्रकाश अपने फ्लैट में बेघर लोगों को क्यों नहीं रख पाया?

४२ हिन्दी अखबार नई दुनिया में छपे विज्ञापन के बारे में लिखिए।

४३ बीमार प्रमोद की हालत कैसी थी?

**V अ) वाक्य शुद्ध कीजिए :** **5 x 1 = 5**

४४ क) मैं किताब पढकर के ही उठूँगा ।

ख वह दरवाज खोला ।

ग) गत रविवार वह मुंबाई जायेगा?

घ) तुम जा सकता है ।

ङ) हम तीन भाई हूँ ।

**आ) कोष्ठक में दिए गए उचित कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए :** **5 x 1 = 5**

**[के लिए, में, के, के द्वारा ,का, ]**

४५ क) राजा दशरत____चार पुत्र थे।

ख) उसने देश _____अपनी कुर्बानी दे दी ।

ग) उसकी बहन___ नाम सीमा है।

घ) डाकिये_____पत्र पहुँचाया गया ।

ङ) पृथ्वी के गर्भ____अमूल्य निधियाँ है ।

इ) **मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए :** **4 x 1 = 4**

| | |
|---|---|
| १) दुम दबाकर भागना | इज्जत बढाने वाला |
| २) आँख दिखाना | नष्ट–भ्रष्ट करना |
| ३) खाक में मिलाना | डरकर भाग जाना |
| ४) घर का उजाला | क्रोध करना |

ई) **निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए:** **3 x 1 = 3**

४७ क) मुझे डर लग रहा था। (वर्तमानकाल में बदलिए)

ख) सिद्धार्थ कुछ अपूर्व अनुपम लाते हैं । (भविष्यत्काल में बदलिए)

ग) वह गदगद कंठ से कहता है। (भूतकाल में बदलिए)

४८ उ) **अन्य लिंग रूप लिखिए :** **अ)** गुणवती **आ)** श्रीमान **2 x 1 = 2**

४९ ऊ) **अन्य वचन रूप लिखिए :** **आ** विधियाँ **आ)** दीवार **2 x 1 = 2**

५० ए) **समानार्थक शब्द लिखिए :** **अ)** अमृत **आ)** शरीर **2 x 1 = 2**

५१ ऐ) **विलोम शब्द लिखिए :** **अ)** पावन **आ)** बलवान **2 x 1 = 2**

**VI अ)निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **5 x 1 = 5**

५२ मुखिया किसे कहते हैं? मुखिया शब्द मुख से निखला है। जिस प्रकार मुख सब अंगों में श्रेष्ठ है और यदि वह काम करना बंद कर दे तो शरीर के सभी अंग निकम्मे हो जाएँगे, उसी प्रकार मुखिया भी एक पूज्य सदाचारी,श्रेष्ठ सज्जन पुरुष है। मुख के दो कार्य हैं–खाना और बोलना । खाने और बोलने का एक समान द्वार है। सच्चा मुखिया वही है, जो सोच–विचार कर के बोले और किसी का पैसा भी न खाए । बुद्धिमान मनुष्य वह है, जिसका मुख दिल में हो अर्थात सोच करके बोले । मूर्ख वह है जिसका दिल मुख में हो अर्थात जो उसके मुख में आए, वह कह दे ।आप भी अगर शुभ संकल्प मन में धारण करोगे और अशुभ वचन मुख से न निकालोगे, सोच–समझकर चलोगे तो पौ–बारह हैं। आपसे स्वयं ही शुभ कार्य होते रहेंगे फिर तो आपका बाल भी बाँका न होगा । जिधर जाओगे उधर आपका यश होगा ।

१) शरीर के सभी अंग कब निकम्मे हो जाएँगे?
२) मुख के दो कार्य कौन से हैं ?
३) बुद्दिमान और मूर्ख मनुष्य में क्या अंतर है?
४) शुभ संकल्प करने से क्या फायदा होगा?
५) इस गद्दांश का उचित शीर्षक दीजिए।

५३ छुटटी माँगते हुए अपने प्रधानाचर्य को एक आवेदन पत्र लिखिए । **5 x 1 = 5**

**अथवा**

व्यायाम का महत्व बताते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।

**इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए :** **5 x 1 = 5**

५४ i) Do your duty first, then ask for right.
ii) Always give respect to patriots.
iii) The problem of unemployment is increasing day by day.
iv) we are living in an age of science.
v) Nile is the longest river of the world with a lenth of more than 6,400kms.

*******